एक नजर में

पठान ब्रदर्स की गिरफ्तारी जल्द हो, नहीं तो उग्र आंदोलन : भगवा सेना

सीतामऊ। अवैध वसूली के आरोपों से घिरे अमजद पठान और उसके भाई आज़ाद पठान की गिरफ्तारी में देरी को लेकर भगवा सेना ने नाराज़गी जताई है। दोनों भाइयों पर आरोप है कि उनके दबाव और अत्याचार से तंग आकर मनीष व्यास ने आत्महत्या कर ली थी। घटना के विरोध में सुवासरा बंद भी रखा गया था, जिसके बाद प्रशासन ने शीघ्र गिरफ्तारी का आश्वासन दिया था। भगवा सेना के जिलाध्यक्ष नाहरसिंह सिसोदिया ने कहा कि पुलिस द्वारा अब तक कोई ठोस कार्रवाई न होना प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि अमजद और आज़ाद पठान की जल्द गिरफ्तारी नहीं हुई तो भगवा सेना उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगी। स्थानीय लोगों में भी घटना को लेकर आक्रोश बना हुआ है और सभी की नज़र अब प्रशासन की आगामी कार्रवाई पर है।

लायंस क्लब की प्रेरणा से दिलीप सोनगरा के देवलोकगमन पर हुआ नेत्रदान

मन्दसौर। शहर के सोनगरा परिवार के दिलीप सोनगरा के देवलोकगमन के बाद, उनके परिवार ने सेवाभावी निर्णय लेते हुए लायंस क्लब के माध्यम से नेत्रदान का महादान किया है। यह नेक कदम लायंस क्लब मंदसौर के माध्यम से संपन्न हुआ, जिससे न केवल एक व्यक्ति की याद में जीवन रोशन हुआ, बल्कि दो अन्यों की दृष्टि को भी नई आशा मिली। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. किशोर शर्मा ने नेत्र उत्सर्जित किया। इस सेवा-कार्य में लायन क्लब मंदसौर की प्रमुख भूमिका रही। क्लब अध्यक्ष रत्नेश कुदार ने बताया कि सोनगरा परिवार का यह निर्णय वाकई प्रेरणादायक है जो समाज-कल्याण के लिए एक महान संदेश है। लायन क्लब मंदसौर की टीम ने परिजनों को 'उनके साहसपूर्ण निर्णय' के लिए साधुवाद दिया। क्लब अध्यक्ष रत्नेश कुदार, सचिव डॉ. विक्रांत भावसार, प्रोजेक्ट चेयरमैन सीए विकास भंडारी, राजेश बोहरा साथ ही सोनगरा परिवार से मनोहर सोनगरा, हर्षित सोनगरा और पंकज मुरडिया ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की।

नियुद्ध खेल की दक्षता परीक्षा संपन्न

मन्दसौर। विश्व स्तरीय नियुद्ध खेल के वर्ल्ड हेड क्वार्टर मंदसौर पर नियुद्ध खेल की पीले से लेकर नीले कटिबंध की दक्षता परीक्षा सम्पन्न हुई। नूतन स्टेडियम परिसर में स्थित नियुद्ध हाल में आयोजित इस परीक्षा में सभी पंजीकृत परीक्षार्थियों ने भाग लिया। इस दौरान वर्ल्ड नियुद्ध फेडरेशन के फाउंडर नियुद्धाचार्य डॉ. नरेन्द्र श्रीवास्तव विशेष रूप से उपस्थित थे। नियुद्ध गुरुकुल द्वारा आयोजित इस दक्षता परीक्षा में पीले से लेकर नीले कटिबंध स्कार्फ कक्षा में 30 नियोद्धाओं द्वारा अपनी नियुद्ध खेल की दक्षता को प्रमाणित किया गया। परीक्षक के रूप में नियुद्ध गुरु प्रवीण भण्डारी, अजयसिंह चौहान, नयनसी गंगवाल, अभिरूची भंडारी, रजतराज श्रीवास्तव, अर्पण भंडारी, हिमांशु सिंह चंद्रावत एवं विशाल चौहान उपस्थित रहे।

भीम आर्मी का विशाल आयोजन आज

संजीत। आज 26 नवम्बर कोट्ट संविधान दिवस के अवसर पर भीम आर्मी के तत्वाधान में ग्राम में संविधान बचाओ, आरक्षण बचाओ के तहत विशाल आमसभा का आयोजन किया जा रहा हे, जिसमें सुबह 12 बजे नापाखेडा से वाहन रेली शुरू होगी जो संजीत पहुंचेगी, उसके विशाल आमसभा में परिवर्तित होगी।

जिला स्तरीय जनसुनवाई में सुनी गई 43 आवेदकों की समस्याएं

मंदसौर। सुशासन भवन सभाकक्ष में आज आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई में कलेक्टर अदिति गर्ग, एडीएम एकता जायसवाल तथा सीईओ जिला पंचायत अनुकूल जैन ने कुल 43 आवेदकों की समस्याएँ सुनीं। कलेक्टर ने अधिकारियों को सभी प्रकरणों का शीघ्र एवं संतोषजनक निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में भरण-पोषण, कृषि भूमि का सिमांकन, रास्ता खुलवाने, नल-जल योजना की पाइपलाइन बदलने समेत विभिन्न शिकायतों पर संबंधित अधिकारियों को त्वरित जांच और कार्रवाई के निर्देश दिए गए। इसके अलावा पीएम आवास, आर्थिक सहायता, पेयजल व्यवस्था, ऋण, अतिक्रमण और अन्य विषयों पर भी आवेदन प्राप्त हुए।

सांसद खेल महोत्सव में आठ प्रकार की खेल गतिविधियां होगी आयोजित : सांसद गुप्ता



मंदसौर। आगामी सांसद खेल महोत्सव के आयोजन को लेकर जिला पंचायत सभागार में सांसद सुधीर गुप्ता की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ अनुकूल जैन, जिला अधिकारीगण तथा स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में महोत्सव की रूपरेखा, खेलों के आयोजन, प्रतिभागियों की संख्या, स्थानों के चयन, व्यवस्थाओं एवं समन्वय से संबंधित सभी बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। सांसद श्री गुप्ता ने कहा कि महोत्सव का उद्देश्य मंदसौर संसदीय क्षेत्र के युवा खिलाड़ियों को बेहतर मंच प्रदान करना और खेल भावना को बढ़ावा देना है। सांसद खेल महोत्सव में आठ प्रकार के खेल आयोजित किए जाएंगे। ये सभी प्रतियोगिताएँ पंचायत स्तर, स्कूल स्तर, संकुल स्तर एवं विधानसभा स्तर पर होंगी। खेलों में कबड्डी, खो-खो, रस्सा-कस्सी, वॉलीबॉल, फुटबॉल, मैराथन सहित क्षेत्रीय खेल शामिल रहेंगे। महोत्सव के सुचारू संचालन के लिए सभी अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए तथा समयबद्ध तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश भी प्रदान किए गए।

पिपलियामंडी में कचोरी-समोसे की दुकानों पर खुलेआम हो रहा स्वास्थ्य से खिलवाड़

- सेहत से हो अगर वास्ता—मत खाइए नाश्ता
- खाद्य विभाग की नींद गहरी

पिपलियामंडी। नगर में चौपाटी से लेकर कृषि मंडी तक सड़क किनारे लगी सैकड़ों नाश्ते की दुकानों पर दिनभर भीड़ उमड़ती है। लेकिन इन दुकानों पर परोसे जा रहे कचोरी-समोसे, आलूबड़े और अन्य तले खाद्य पदार्थों के पीछे छिपा खतरनाक सच शायद ही कोई जानता हो।

न खाने की गुणवत्ता, न तेल की शुद्धता, न सफाई का ध्यान—इस सबके बीच एक बड़ा प्रश्न खड़ा है कि खाद्य विभाग आखिर कब जागेगा? स्थानीय लोगों के अनुसार पिपलियामंडी में वर्षों से नाश्ते की दुकानों पर साफ-सफाई या गुणवत्ता की कभी गहन जांच नहीं हुई। खाद्य विभाग की लापरवाही इतनी है कि अधिकांश दुकानदारों के पास एफएसएसएआई का लाइसेंस तक नहीं है, फिर भी वे खुलेआम खाद्य सामग्री बेच रहे हैं। दुकानदारों की दिन-प्रतिदिन बढ़ती कमाई और कभी न होने वाली कार्रवाई ने नगरवासियों में यह चर्चा आम कर दी है कि आखिर खाद्य विभाग की प्राथमिकता क्या है? कचोरी-समोसा, आलूबड़े से लेकर सेव तक—अधिकतर दुकानों में एक ही तेल को दिनभर बार-बार गर्म किया जाता है। विशेषज्ञों के अनुसार:

तेल को बार-बार गर्म करने से उसकी रासायनिक संरचना बदल जाती है, उसमें टॉक्सिक यौगिक बनने लगते हैं, ये तेल हृदय रोग, उच्च रक्तचाप, यकृत रोग, एथेरोस्क्लेरोसिस और अल्ज़ाइमर जैसी गंभीर बीमारियों का कारण बन सकते हैं। कुछ दिन पूर्व केरल

हाईकोर्ट ने बड़ा फैसला देते हुए बताया था कि तीन बार से अधिक तेल गर्म करने पर एक लाख रुपये जुर्माना लगाया जा सकता है। इसके बावजूद पिपलियामंडी में इस नियम का कोई पालन कहीं नहीं दिखता। स्नस्स्ड्ड ने तले खाद्य पदार्थों के लिए इतना ही नहीं, बल्कि तेल में कुल ध्रुवीय यौगिकों (ञ्रश्ह्लड्डद्य क्कशद्यड्डह्म् ष्टशद्वश्चशह्वठ्ठस्रह्य – ञ्जक्कष्ट) की सीमा 25% तय की है। इससे अधिक ञ्जक्कष्ट होने पर तेल उपयोग योग्य नहीं माना जाता। लेकिन पिपलियामंडी में स्थिति यह है कि: न दुकानदारों को ञ्जक्कष्ट की जानकारी, न तेल परीक्षण की व्यवस्था, न खाद्य विभाग द्वारा कोई सैंपलिंग। अधिकांश दुकानों पर यह मूल नियम तक पालन नहीं किया जाता कि खाद्य सामग्री को ढककर रखा जाए। कचोरी-समोसे छन्नों में खुली कड़ाही के पास रखे रहते हैं, जिन पर धूल व मक्खियाँ आसानी से बैठती रहती हैं।

ग्राहक गर्म खाद्य पदार्थ समझकर इन्हें पसंद करते हैं, लेकिन उनके पीछे छिपे संक्रमण के खतरे से अनजान रहते हैं। दुकानों पर उपयोग हो रही चटनी को गाढ़ा करने के लिए अक्सर आलारोट, रंग के लिए कृत्रिम रंग, और इमली की जगह सिट्रिक एसिड (टाटरी) का बेहिसाब उपयोग होता है। यह रसायन लंबे समय तक सेवन करने पर सेहत पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकते हैं। बचा हुआ बरण का तेल बन रहा स्वाद बढ़ाने का माध्यम सूत्रों के अनुसार कई दुकानदार शादी-ब्याह और त्योहारों के कार्यक्रमों में बचा हुआ बरण का तेल बड़े स्तर पर खरीदकर उसे मूंगफली का तेल बताकर उपयोग करते हैं।

यह तेल कई बार पहले ही तलने में इस्तेमाल हो चुका होता है, जिससे यह अत्यधिक हानिकारक हो जाता है। नगर के कई कोनों में, जहाँ किसी की नजर न पड़े, रात-दिन सेव बनाने की प्रक्रिया अनियंत्रित रूप में जारी है। यहाँ पामोलीन तेल और बेसन की गुणवत्ता की जाँच अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि यह बड़े पैमाने पर बाजार में सप्लाई होती है। नगरवासियों का कहना है कि: यदि खाद्य विभाग समय-समय पर निरीक्षण करे, दुकानदारों को प्रशिक्षण दे, तेल परीक्षण अनिवार्य करे, और बिना लाइसेंस दुकानों पर रोक लगाए, तो पिपलियामंडी में खाद्य सुरक्षा की स्थिति में बड़ा सुधार आ सकता है। लेकिन वर्तमान हालातों में विभाग की अनदेखी ने बाजार में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता को संदेह के घेरे में डाल दिया है।

सुरों ने दिव्यांग कदम थिरकाए, अनिल श्रीवास्तव की सुरीली शाम में उमड़ा भावनाओं का सैलाब

मंदसौर। कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम में सोमवार शाम आयोजित गायक अनिल श्रीवास्तव की सुरीली प्रस्तुति ने ऐसा समां बांधा कि वृद्धजन, आश्रय गृह की महिलाएँ, बालगृह की बेटियाँ और दिव्यांगजन तक आनंद से थिरक उठे। आयोजन श्री जैन दिवाकर गुरु गौतम मुनि सेवा संस्थान द्वारा वंचित वर्गों को नैसर्गिक खुशी देने हेतु किया गया था।

कार्यक्रम की शुरुआत ले के तुझे चले, जिंदगी की यही रीत है और जिंदगी एक सफर है सुहाना गीतों से हुई। मधुर स्वरों से मंत्रमुग्ध होकर दर्शक दीर्घा में बैठे कई लोग मंच पर पहुँचकर कलाकार के साथ नाचने लगे। यह भावुक दृश्य पहली बार शहर में देखने मिला।

अतिथि के रूप में सांसद सुधीर गुप्ता, राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, रवि प्रताप सिंह बुंदेला तथा अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। सभी ने इसे सेवा का अनोखा और अविस्मरणीय प्रयास बताया। संस्था अध्यक्ष मनीष मारू, संपादक ईश्वर रामचंदानी, डॉ. योगेंद्र कोठारी सहित अनेक सामाजिकजनों ने स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ पत्रकार ब्रजेश जोशी ने किया और आभार मनीष मारू ने व्यक्त किया।

सत्संग भवन में श्री गीता जयंती महोत्सव 28 से

मन्दसौर। केशव मण्डल न्यास अध्यक्ष जगदीशचन्द्र सेठिया ने बताया कि केशव सत्संग भवन खानपुरा में 28 नवम्बर शुक्रवार से 1 दिसम्बर सोमवार तक श्री गीता जयंती महोत्सव मनाया जावेगा। जिसमें पूज्य संत आत्मानंद सरस्वती एवं पूज्य संत मुकन्दकेतन महाराज के प्रवचन प्रातः 6.30 से 10 बजे तक होंगे। 1 दिसम्बर सोमवार को संपूर्ण गीताजी का सामूहिक पाठ होगा। श्री केशव सत्संग भवन खानपुरा ट्रस्ट अध्यक्ष जगदीशचन्द्र सेठिया, सचिव कारूलाल सोनी, उपाध्यक्ष राधेश्याम गर्ग, जयप्रकाश गर्ग, कोषाध्यक्ष मदनकुमार गेहलोत, सहसचिव प्रवीण देवड़ा, न्यासीगण बंशीलाल टांक, प्रहलाद काबरा, सत्यनारायण सोमानी, संतोष जोशी, जगदीशचन्द्र भावसार, महेश गर्ग, अजय मित्तल, अजय सिखवाल, राजेश तिवारी, सूरजपालसिंह तोमर आदि ने सभी भक्तजनों से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है।

भगवान श्री पशुपतिनाथ महादेव मेले में गीत संगीत की प्रस्तुति

मंदसौर। भगवान श्री पशुपतिनाथ महादेव मेला के सांस्कृतिक रंगमंच पर कल सोमवार की रात्रि 8.30 बजे से देर रात्रि तक मंदसौर के सुप्रसिद्ध गायक कलाकार आशीष मराठा ने अपनी प्रस्तुति से अद्भुत समां बांध दिया। आशीष मराठा ने अपने गीत संगीत की शुरूआत गणेश वंदना के गीत ''देवा हो गणेशा........'' से की। इसके बाद उन्होंने ''नमो नमः ...'' गीत भी गाया। आशीष मराठा ने युवाओं के दिलों को छूने वाले कई फिल्मी गीतों की प्रस्तुति दी। उन्होंने ''आज मौसम बड़ा बेईमान है.......'' गीत प्रस्तुत करते हुए अभिनेता धर्मेन्द्र को भी याद किया। आशीष ने ''चन्ना में रिया .... गीत गाकर श्रोताओं को खूब आनंदित किया। उन्होंने ''ये दिन ....मुश्किल'' गीत भी प्रस्तुत किया जिसे सभी ने सराहा।

मिमिक्री कलाकार अमित सोनी ने कई फिल्मी कलाकारो की आवाजे अपने अंदाज में प्रस्तुत कर श्रोताओं का खूब मनोरंजन किया। रोकिंग आदि के नाम से फेमस आदर्श प्रजापति, तेजकरण चौहान (पुलिस कर्मी), कवि ध्रुव तारा ने भी अपनी प्रस्तुतियां दी। जिसे सभी ने सराहा। बिंदिया मसानिया, निकिता मालवीय ने भी कई बेहतरीन फिल्मी गीतों की प्रस्तुति दी। दिव्यांग बालक अंशुल विजयवर्गीय जो कि आंखों से दिव्यांग है उन्होंने प्यानों बजाकर सभी को आनंदित किया। गीत संगीत के कार्यक्रम का संचालन रिकेश ऋषि पाटनी ने किया इसके पूर्व मेला के सांस्कृतिक रंगमंच पर अतिथि के रूप में पधारे भाजपा मछुआरा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल चौहान, म.प्र. श्रमजीवी पत्रकार संघ के संभागीय अध्यक्ष डॉ. प्रीतिपालसिंह राणा, युवा प्रेस क्लब अध्यक्ष चरण राजपाल, भाजपा नेता दिलीप ग्वाला, अ.भा. वाल्मीकि महासभा के राष्ट्रीय सचिव जीवन गौसर, वाल्मीकि समाज के पटेल मुकेश चनाल, समाजसेवी मनीष भावसार, भाजपा नेता संजय पंवार, बसंत परमार, पार्षद सुनीता भावसार, पार्षद प्रतिनिधि अशोक भावसार ने माता सरस्वती के चित्र पर मार्ल्यापण किया। इन सभी अतिथियों का स्वागत नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर, मेला सभापति प्रतिभा विक्रम भैरवे, मेला समिति सदस्य गरिमा भाटी, नपा सभापति दीपमाला मकवाना, पार्षद प्रतिनिधि विक्रम भैरवे आदि ने पुष्पहार पहनाकर किया।

जिला सेन समाज द्वारा निकाली शोभायात्रा का मेवाड़ा सेन समाज ने किया स्वागत

- सामूहिक विवाह सम्मेलन फिजुलखर्ची पर भी अंकुश लगाते है- ब्रजेश सेन मारोठिया

मन्दसौर। जिला सेन समाज द्वारा भव्य सेन महाकुंभ का आयोजन मंदसौर में 25 नवम्बर, मंगवार को माहेश्वरी धर्मशाला मंदसौर में आयोजित किया गया। इस दौरान आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन व तुलसी विवाह अंतर्गत भव्य शोभायात्रा मंदसौर नगर में निकाली गई। जिसका मेवाड़ा सेन समाज पंचायत सत्यनारायण बगीची बालाजी मंदिर परिवार ने नयापुरा रोड़ स्थित घाणावार तेली समाज चारभुजानाथ मंदिर के पास पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया गया।

मेवाड़ा सेन समाज पंचायत के अध्यक्ष ब्रजेश सेन मारोठिया ने बताया कि सेन समाज के महाकुंभ में देशभर से सेन बन्धुओं ने सहभागिता की। सेन समाज का यह आयोजन समाज के लिये ऐतिहासिक उपलब्धि है। इस तरह के आयोजन समाज में एकता का सूत्रपात करते है। सामूहिक विवाह सम्मेलन से जहां एक और परिवार पर आर्थिक बोझ कम होता है वहीं फिजूलखर्ची पर भी अंकुश लगता हैं। श्री मारोठिया ने इस ऐतिहासिक आयोजन के लिये जिला सेन समाज एवं आयोजनकर्ताओं को बधाई दी है।

समाज के वरिष्ठ सत्यनारायण सकवाया ने कहा कि सेन समाज प्रगति के पथ पर है। ऐसे आयोजन समाज में एक जूटता को बढ़ावा देते है। समाज के वरिष्ठ नागेश चौहान ने कहा कि विवाह सम्मेलन में बढ़ते खर्चों को कम करने के लिये सामूहिक विवाह सम्मेलन के आयोजन अति आवश्यक है। इससे मध्यमवर्गीय परिवारों को काफी मदद मिलती है।

इस अवसर पर मेवाड़ा सेन समाज के सत्यनारायण सकवाया, नागेश्वर चौहान, दिनेश गेहलोद, राकेश मारोठिया, कमल मारोठिया, महेश परिहार, दीपक मारोठिया अमित मारोठिया, कुणाल पंवार, शैलेन्द्र मारोठिया, आदित्यसेन मारोठिया, अशोक चौहान, डॉ. घीसालाल गंगवाल एवं मातृशक्ति उपस्थित थी।

वेदांक पुरोहित ने अपनी पहली सैलरी से शासकीय विद्यालय में किया स्वेटर वितरण

मंदसौर। मंदसौर नगर के होनहार युवा वेदांक पुरोहित सॉफ्टवेयर इंजीनियर है। विगत दिनों एक सॉफ्टवेयर कंपनी में वेदांक की जॉब लगी अब वेदांक ने अपनी पहली सैलरी में से शा. कन्या प्राथमिक विद्यालय कयामपुर की सभी बालिकाओं को स्वेटर वितरीत किये है।

वेदांक ने बताया कि उन्होने पहले से ही सोच रखा था कि अपने जीवन की पहली सैलरी से कुछ पुण्य का कार्य करूंगा। ऐसे में सर्दी के समय में शासकीय विद्यालय की छात्राओं को स्वेटर वितरण करने का सुझाव आया और यह कर डाला बड़ा अच्छा लगा रहा है।

कार्यक्रम में वेदांक की माताजी और विद्यालय की शिक्षिका श्रीमती विचित्रा पुरोहित, संकुल से पंकज मंडलोई, एसएमसी की अध्यक्ष श्रीमती चांद बी, सदस्य श्रीमती सायरा बी, शाला की वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती सलमा पठान आदि उपस्थित रहे। शाला परिवार ने वेदांक को धन्यवाद दिया एवम् उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। आपको बता दें की वेदांक मंदसौर जिले के इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के वरिष्ठ पत्रकार मनीष पुरोहित के सुपुत्र है।

मोक्षदा एकादशी पर धर्मधाम गीता भवन में गीता पाठ एवं 'श्री गोपाल सहस्त्र नाम यज्ञ' होगा

मंदसौर। धर्मधाम गीता भवन में मोक्षदा एकादशी (गीता जयंती) पर 1 दिसम्बर को गीता का मूल पाठ एवं श्री गोपाल सहस्त्रनाम यज्ञ व सामूहिक पूर्णाहूति का आयोजन रखा गया है।

गीता भवन के संस्थापक अध्यक्ष स्वामी श्री रामनिवासजी महाराज की आज्ञा एवं मार्गदर्शन में गीता जयंती 1 दिसम्बर 2025 मोक्षदा एकादशी पर प्रातः 10 बजे गीताजी का मूल पाठ युवा विद्वान पं. हेमन्तजी भट्ट एवं गीता भवन सत्संग मंडल की माता बहने गीता मूल पाठ में भाग लेगी। तत्पश्चात् श्री गोपाल सहस्त्र नाम यज्ञ होगा तथा आमंत्रित अतिथिगण दोप. 1 बजे पूर्णाहूति में सहभागी होंगे।

गीता भवन ट्रस्ट के सचिव पं. अशोक त्रिपाठी ने प्रेस नोट में बताया कि गीता भवन के संरक्षक ट्रस्टी श्री नरेन्द्र नाहटा, ट्रस्टीगण सर्वश्री एडवोकेट धीरेन्द्र त्रिवेदी, जगदीश चौधरी, बंशीलाल टांक, सत्यनारायण पलोड़, विनोद चौबे, शेषनारायण माली, गीता भवन सत्संग मण्डल की संरक्षिका ज्योतिषज्ञ लाडकुंवर दीदी, विद्या उपाध्याय, अंजू तिवारी, पुष्पा पाटीदार, पूजा बैरागी, रानू विजयवर्गीय ने श्रद्धालुजनों से गीता पाठ एवं श्री गोपाल सहस्त्रनाम यज्ञ में शामिल होकर पुण्य लाभ लेने का आग्रह किया है।

एक नजर — सुशासन भवन में सुपरवाइजर, सहायिका, कार्यकर्ता, पटवारी व चौकीदार भी हुए सम्मानित

कलेक्टर ने 36 बीएलओ को शत-प्रतिशत उपलब्धि पर किया सम्मानित

मंदसौर। विशेष गहन पुनरीक्षण के अंतर्गत उत्कृष्ट, समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण कार्य करते हुए जिले के मल्हारगढ़ विधानसभा के 15 तथा सुवासरा विधानसभा के 21 बीएलओ ने अपने-अपने मतदान केंद्रों पर शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण किया। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग द्वारा आज सुशासन भवन में इन सभी 36 बीएलओ के साथ सुपरवाइजर, सहायिका, कार्यकर्ता, पटवारी एवं चौकीदारों का सम्मान किया गया।

कलेक्टर श्रीमती गर्ग ने कहा कि सभी कार्मिकों का परिश्रम, जिम्मेदारी और कार्य के प्रति निष्ठा सराहनीय है। समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य निर्वाचन प्रबंधन को मजबूत बनाता है तथा अन्य बीएलओ के लिए प्रेरणा प्रदान करता है।

मतदान केंद्र क्रमांक 28 की श्रीमती किरन पाटीदार, 150 के श्री घनश्याम पाटीदार, 228 की श्रीमती संगीता गुर्जर, 151 की श्रीमती कारीबाई सुर्यवंशी, 138 के रमेशचंद्र पाटीदार, 99 के मोहम्मद हुसैन मंसुरी, 16 के लोमन कुमार ओझा, 180 के फुल सिंह धाकड़, 146 के हीरालाल गुप्ता, 45 के जगदीशचंद्र पाटीदार, 32 के कालूराम राठौर, 4 के कचरूलाल मालवीय, 23 के अनिल प्रजापति, 92 की श्रीमती किरनबाला पंवार तथा 278 के श्री श्यामलाल चौहान।

सुवासरा विधानसभा के सम्मानित बीएलओ- मतदान केंद्र क्रमांक 2 की श्रीमती सुनीता परीहार, 6 की श्रीमती सलमा मेव, 106 की श्रीमती भारती बाला, 72 के विष्णु नारायण चौहान, 153 के गोपाल प्रधान, 144 की श्रीमती सपना कंवर राठौड़, 150 के अजीम खान पठान, 159 की श्रीमती निर्मला धनगर, 197 के अशोक कुमार मालवीय, 296 की श्रीमती अफसाना बी, 299 की श्रीमती रेखा देवड़ा, 298 की श्रीमती संतरा चौहान, 304 की श्रीमती मंजू शर्मा, 303 की श्रीमती कैलाश बाई शर्मा, 265 के श्री भीष्म सोनी, 236 की श्रीमती साधना मोड, 274 के श्री संतोष बोरना, 275 के श्री देवेंद्र पाण्डेय, 237 के कृष्णा मेहर, 263 की श्रीमती ललिता सूर्यवंशी तथा 257 के शार्दुलसिंह देवड़ा।